# वाणिज्य में स्नातक
# (बी. कॉम. - जी)

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

## बी. सी. ओ. ई. -142: प्रबंध लेखांकन

सत्रीय कार्य
**2023–24**

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2024

**षष्टम सत्र**


इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

**वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम. - जी)**

**चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली**

# बी. सी. ओ. ई. -142: प्रबंध लेखांकन

**सत्रीय कार्य**

**2023—24**

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अतिलघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2024 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे उसको 15 मार्च 2024 तक जमा करवायें।
2. वे छात्र जो दिसंबर 2024 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें अक्टूबर 2024 तक जमा करवाना होगा।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. ई. -142** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **प्रबंध लेखांकन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी.सी.ओ. ई.-142/टी. एम. ए./2024** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खण्ड – क**

**1.** किसी संगठन में प्रबंध लेखांकन द्वारा कौन सी भूमिकाएँ निभाई जाती हैं ? **(10)**

**2.** दी गई सूचना के आधार पर निम्नलिखित अनुपातों की गणना कीजिए: **(10)**

(i) परिचालन अनुपात (ii) वर्तमान अनुपात

(iii) स्टॉक विक्रय अनुपात (iv) ऋण इक्विटी अनुपात

| | रु. |
|---|---|
| इक्विटी शेयर पूंजी | 2,50,000 |
| 9% वरीयता शेयर पूंजी | 2,00,000 |
| 12% डिबेंचर | 1,20,000 |
| सामान्य रिर्जव | 20,000 |
| बिक्री | 4,00,000 |
| प्रारंभिक स्टॉक | 24,000 |
| खरीदारी | 2,50,000 |
| मजदूरी | 15,000 |
| अंतिम स्टॉक | 26,000 |
| बिक्री और वितरण खर्च | 3,000 |
| अन्य वर्तमान परिसंपत्ति | 1,00,000 |
| वर्तमान देनदारी | 75,000 |

**3.** बजटिंग से क्या तात्पर्य है ? बजटिंग के क्या लाभ एवं सीमाएं हैं? **(10)**

**4.** मानक लागत लेखांकन तथा बजटिंग की तुलना कीजिए। **(10)**

**5.** “लागत परिमाण विश्लेषण तथा समविच्छेद विश्लेषण एक ही अर्थ में प्रयुक्त होते हैं”। व्याख्या कीजिए । **(10)**

## खण्ड – ख

**6.** वर्ष 2021 के लिए किसी कंपनी के तीन परिभागों की चालन उपलब्धि की सुचना निम्नलिखित है। **(6)**

| | **प्रभाग** | | |
|---|---|---|---|
| | A | B | C |
| योगदान (रु.) | 50,000 | 50,000 | 50,000 |
| निवेश (रु.) | 4,00,000 | 5,00,000 | 6,00,000 |
| बिक्री (रु.) | 24,00,000 | 20,00,000 | 16,00,000 |
| कर्मचारियों की संख्या | 22,500 | 12,000 | 10,500 |

**नोट :** निवेश पर प्राप्ति के दर (ROI) और अवशेष आय (RI) मानक के आधार पर उपलब्धि का मूल्यांकन करना है ।

**7.** लागत प्रबंध की विभिन्न तकनीकें क्या हैं ? स्पष्ट कीजिए । **(6)**

**8.** "बैलेंस शीट परिसंपत्तियों तथा देयताओं का अथवा कोष के स्रोतों एवं उपयोगों का अथवा दोनों का एक विवरण है"। समालोचना कीजिए । **(6)**

**9.** विक्रय बजट क्या है ? इसे कैसे बनाया जाता है ? **(6)**

**10.** लक्ष्य लागत निर्धारण में अपनाए गए चरणों को स्पष्ट कीजिए । **(6)**

## खण्ड – ग

**11.** निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए: (10)

क) लागत लेखांकन और प्रबंध लेखांकन

ख) लागत नियंत्रण और लागत में कमी

ग) संचय और संचय कोष

घ) मानक लागत और अनुमानित लागत

**12.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए: (10)

क) प्रवृति विश्लेषण

ख) रोकड़ बजट

ग) उत्तरदायित्व लेखांकन

घ) हस्तांतरण कीमत निर्धारण